Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017 10694

प्रेषक,

जय सिंह,भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण,
बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा।

पटना, दिनांक :– 02.09.2020

विषय :– नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलों में पदस्थापन के पश्चात् शिविरों एवं ग्रामों के टैगिंग के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों के निदेशालय में योगदान किये जाने के पश्चात् दिनांक– 17.08.2020 के पूर्व निदेशालय में योगदान देने वाले सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की शिविर एवं ग्राम सम्बद्धता का कार्य निदेशालय स्तर से पूर्ण कर दिया गया है। दिनांक– 17.08.2020 से अब तक जिन विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा निदेशालय में योगदान दिया गया है, उनके शिविर एवं ग्राम सम्बद्धता का कार्य जिला स्तर से किया जाएगा। इस कार्य हेतु दिनांक– 03.09.2020 से सभी जिलों के Login को क्रियाशील कर दिया जाएगा एवं इसके लिए दिनांक– 03.09.2020 को आवश्यक पासवर्ड भी उपलब्ध करा दिया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि दिनांक– 17.08.2020 से अब तक जिन विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा निदेशालय में योगदान दिया गया है, उनको शिविर एवं ग्राम सम्बद्ध करने का कार्य जिला स्तर से किया जाय। इसके लिए कार्मिक प्रबंधन सॉफ्टवेयर के उपयोग हेतु यूजर मैन्युअल पूर्व में ही उपलब्ध कराया जा चुका है।

विश्वासभाजन

2/9/20

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017 10694 **पटना दिनांक** :– 02.09.2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134 / 2017 10694 **पटना, दिनांकः**– 02.09.2020

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप